मॉडल प्रश्न–पत्र–V

कक्षा – बारहवीं

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। इसके लिए कुल 15 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 16 और 17 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 18 और 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) भोज्य पदार्थ–
(अ) विषकारक (ब) अध्यात्मिक
(स) खाने योग्य (द) भेजने योग्य पदार्थ

(2) सौर ऊर्जा भोजन पकाने में भोजन को डिब्बों में बंद करके रखते हैं जिनका रंग होता है–
(अ) समय पर काम करने में (ब) पर्याप्त आराम करने में
(स) दो कार्य एक साथ करने में (द) ऊर्जा बचाने में

(3) सही मुद्रा मदद करती है–
(अ) समय पर काम करने में (ब) पर्याप्त आराम करने में
(स) दो कार्य एक साथ करने में (द) ऊर्जा बचाने में

(4) पर्यावरण है–
(अ) हवा जिसमें जीव जन्तु सांस लेते हैं
(ब) जल, भूमि और जीव जन्तु
(स) सभी जीवित व निर्जीव पदार्थ
(द) जल, भूमि और निर्जीव पदार्थ

(5) बौद्धिक क्षमता वाले व्यक्ति होते हैं–
(अ) दिचस्प वक्ता (ब) चतुर
(स) भवन की संरचना (द) तर्कपूर्ण चिन्तन

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 5 = 5)

(1) हर विषय जो स्वस्थ्य व प्रसन्न जीवन शैली में बढ़ोतरी करता है ....

(2) .... के निर्माण के लिए लौह तत्व अति आवश्यक है।

(3) जब भोजन को गर्म पानी में डूबोकर पकाते हैं तो इसे .... कहते हैं।

(4) पानी में मल विसर्जन के अनुचित तरीकों से .... रोग हो जाते हैं।

(5) मध्य बाल्यवस्था में सिर और शरीर का अनुपात .... होता है।

(स) सही / गलत बताइए– (1 × 5 = 5)

(1) जब इच्छाएँ बहुत ज्यादा हो तो आय प्रबंधन उपयोगी होता है।

(2) किशोरों को प्रजनन स्वास्थ्य की शिक्षा की आवश्यकता होती है।

(3) क्षीण श्रवण शक्ति वाले बच्चों को सुनने का अभ्यास करना चाहिए।

(4) ऊन सिंथेटिक तन्तु नहीं है।

(5) जल प्रतिरोधन आधारभूत परिसज्जा है।

प्रश्न 2. सुरक्षा शब्द की परिभाषा दीजिए। इसके दो प्रकार लिखिए। (1+1)

प्रश्न 3. गृह विज्ञान के स्वरोजगार के दो अवसर लिखिए। (1+1)

प्रश्न 4. शरीर में लौह तत्व के अवशोषण में बाधा पहुँचाने वाले किन्हीं दो कारकों के नाम लिखिए। (1+1)

प्रश्न 5. ऊर्जा की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। (1+1)

प्रश्न 6. उपभोक्ता शिक्षा से आप क्या समझते हैं। (1+1)

प्रश्न 7. कपड़ों की धुलाई करना क्यों जरूरी है। (2)

प्रश्न 8. परिरक्षण और शेल्फ लाईफ को परिभाषित कीजिए। (1½+1½)

प्रश्न 9. ग्रामीण शीतल क्या है ? इसकी उपयोगिता लिखिए। (2+1)

प्रश्न 10. एड्स से सम्बंधित तीन भ्रान्तियाँ लिखिए। (1+1+1)

प्रश्न 11. किशोरों कि किन्हीं तीन विकासात्मक कार्यों की विवेचना कीजिए। (1+1+1)

प्रश्न 12. गर्मियों के लिए उपयुक्त वस्त्र का नाम एवं उसकी दो महत्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए। (1+2)

प्रश्न 13. जीन्स के लिए ट्विल वीव क्यों उपयोग की जाती है ? (3)

प्रश्न 14. विटामिन सी के चार कार्य लिखिए। (1+1+1+1)

अथवा

विटामिन बी के चार कार्य लिखिए।

प्रश्न 15. आय तथा व्यय के रिकार्ड रखने के चार लाभ लिखिए। (1+1+1+1)

अथवा

वित्तिय संस्थाओं के चार कार्य लिखिए।

प्रश्न 16. किसी भी व्यक्ति के आवश्यक पोषण पर प्रभाव डालने वाले कारण लिखिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1)

अथवा

शरीर में रक्ताल्पता के पाँच लक्षण लिखिए।

प्रश्न 17. 6 से 11 वर्ष के बालकों में होने वाले शारिरीक विकास के अंतर्गत होने वाले निम्न परिवर्तनों को लिखिए– (2½+2½)

(1) कद व वजन में बढ़ोत्तरी।

(2) शारीरिक अनुपात में परिवर्तन।

अथवा

(1) दांतों, हड्डियों और मांसपेशियों का विकास।

(2) भाषा विकास।

प्रश्न 18. व्यवस्था किसे कहते हैं ? व्यवस्था के पाँच लाभ लिखिए। (1+5)

अथवा

मूल्यांकन किसे कहते हैं ? मूल्यांकन के पाँच लाभ लिखिए।

प्रश्न 19. कपड़ों के चुनाव को प्रभावित करने वाले छः कारक लिखिए। (1+1+1+1+1+1)

अथवा

कपड़ों की धुलाई के छः चरण लिखिए।